तेरे नाम से अपनी पहचान बनाऊंगा 2 | by Tinka Soni

श्याम तुम्हारी कृपा से बने मेरा सब काम
श्याम नाम से बन जाए जग में मेरी पहचान
तेरे नाम से ही अपनी पहचान बनाऊंगा ......

जय श्री श्याम...........

तेरी कृपा से बाबा मैं एक घर बनवाऊंगा
घर के भीतर प्यारा सा मंदिर भी बनाऊंगा
घर के बाहर तेरा मैं नाम लिखाउंगा
घर के बाहर मैं तो जय श्री श्याम लिखाउंगा
तेरे नाम से ही अपनी पहचान बनाऊंगा
मैं तेरे नाम से ही अपनी पहचान बनाऊंगा
तेरी कृपा को बाबा मैं कभी भूल ना पाऊंगा
तेरे नाम से ही अपनी पहचान बनाऊंगा
मैं तेरे नाम से ही अपनी पहचान बनाऊंगा
तेरी कृपा कको बाबा............

सुख दु:ख का साथी है हारे का सहारा है
कोई जिसका नहीं उसका बाबा श्याम हमारा है
इस नाम की महिमा को घर घर पहुंचाऊंगा
श्री श्याम की महिमा को घर घर पहुंचाऊंगा
तेरे नाम से ही अपनी पहचान बनाऊंगा
मैं तेरे नाम से ही अपनी पहचान बनाऊंगा
तेरी कृपा को बाबा ....

इस दिल की तमन्ना है तू कभी मुझसे ना रूठे
मेरे दिल की तमन्ना है तू कभी मुझसे ना रूठे
रिश्ता जो बना अपना ये रिश्ता ना कभी टूटे
तुम बाती बन जाओ मैं दिया बन जाऊँगा
तेरे नाम से ही अपनी पहचान बनाऊंगा
मैं तेरे नाम से ही अपनी पहचान बनाऊंगा
तेरी कृपा को बाबा ....

मैं श्याम दीवानो की पूरी फ़ौज में रहता हूँ
तुझे पाकर सांवरिया मैं बड़ी मौज में रहता हूँ
टींके के भजनो पे नाचूंगा गाऊंगा
तेरे नाम से ही अपनी पहचान बनाऊंगा
मैं तेरे नाम से ही अपनी पहचान बनाऊंगा
तेरी कृपा को बाबा ....

मेरी पेहचान मेरा खाटू वाला श्याम
में पहचान मेरा लीले वाला श्याम

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%a4%e0%a5%87%e0%a4%b0%e0%a5%87-%e0%a4%a8%e0%a4%be%e0%a4%ae-%e0%a4%b8%e0%a5%87-%e0%a4%85%e0%a4%aa%e0%a4%a8%e0%a5%80-%e0%a4%aa%e0%a4%b9%e0%a4%9a%e0%a4%be%e0%a4%a8-%e0%a4%ac%e0%a4%a8%e0%a4%be/